# अब्दुल्ला गुल ने अफगानिस्तान को तबाह करने की दी धमकी

धमकी

## तालिबान के साथ मिलकर जंग लड़ने के लिए पाक ने भेजे 10 हजार आंतकी

पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के पूर्व प्रमुख हामिद गुल के बेटे अब्दुल्ला गुल ने दी धमकी



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। अफगानिस्तान में तालिबान के साथ मिलकर जंग लड़ने के लिए 10 हजार आंतकी भेजने वाले पाकिस्तान से अब अफगान धरती को तबाह करने की धमकी आने लगी है। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर–सर्विसेज इंटेलिजेंस के पूर्व प्रमुख हामिद गुल के बेटे अब्दुल्ला गुल ने कहा है कि तालिबान की मदद से अफगानिस्तान की सरकार को तबाह कर देगा ताकि वह पाकिस्तान से बराबरी ना कर सके। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से मिली है। अब्दुल्ला गुल ने दक्षिण वजीरिस्तान के माकिन में एक सभा को बताया कि उनके पिता ने अफगानिस्तान से रूसियों को खदेड़ दिया और मुजाहिदीन की मदद से उन्होंने मोहम्मद नजीबुल्लाह की सरकार को उखाड़ फेंका। उन्होंने कहा कि अब अफगानिस्तान के वर्तमान गणतंत्र राज्य को नष्ट करने जा रहे हैं और देश को बर्बाद कर देंगे जिससे यह पाकिस्तान के साथ प्रतिस्पर्धा न कर सके।

**तालिबान पूरी तरह से मानते हैं मेरी बात- अब्दुल्ला:** अब्दुल्ला गुल ने आगे कहा कि एक युवा व्यक्ति के रूप में, वह अपने पिता द्वारा निर्देशित हक्कानी नेटवर्क के सदस्य बन गए, और इसलिए मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, उन्होंने अफगान नैशनल आर्मी के खिलाफ कई लड़ाइयों में भाग लिया। उन्होंने दावा किया कि तालिबान पूरी तरह से उनकी बात मानते हैं और उन्होंने उन्हें अफगानिस्तान के आर्थिक बुनियादी ढांचे, सरकारी सुविधाओं और गणतंत्र को नष्ट करने का काम सौंपा है। तालिबान और अफगानिस्तान सरकार ने अभी तक इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

उधर, तालिबान आतंकियों के भीषण हमलों से थर्राए अफगानिस्तान ने पहली बार सार्वजनिक तौर पर स्वीकार किया है कि पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर–ए– तैयबा के आतंकवादी उनके देश में तबाही मचा रहे हैं। अफगानिस्तान के विदेश मंत्री हनीफ अतमर ने मंगलवार को तालिबानी हिंसा के संबंध में भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर से बात की। हनीफ ने विदेशी राजनयिकों से मुलाकात की और कहा कि तालिबानी हिंसा में अब तक 3 हजार लोग मारे गए हैं और 3 लाख लोग विस्थापित हो गए हैं।

### न्यूज डायरी



## भारत के दोस्त हेरात के शेर इस्माइल खान की दहाड़

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** हेरात। अफगानिस्तान के हेरात शहर के शेर कहे जाने वाले बुजुर्ग नेता इस्माइल खान ने तालिबानी आतंकियों और उन्हें मदद दे रहे पाकिस्तानियों का चुन–चुनकर खात्मा करने का प्रण किया है। खान ने कहा कि यह जंग तालिबान और अफगान सरकार के बीच नहीं बल्कि पाकिस्तानी आतंकियों और अफगानिस्तान के बीच है। भारत के दोस्त इस्माइल खान के लड़ाके और अफगान सेना हेरात शहर में डटी हुई है और कई बार तालिबानी आतंकियों को युद्ध का मैदान छोड़कर भागने के लिए मजबूर कर दिया है। खुद इस्माइल खान भी हाथ में एके–47 लेकर शहर में घूम रहे हैं और लोगों का भरोसा बढ़ा रहे हैं। उन्हीं के आह्वान पर पूरे अफगानिस्तान में अब तालिबान के खिलाफ अल्लाह हू अकबर के नारे लग रहे हैं। इस्माइल खान ने कहा, मैं अफगान लोगों से खुलेआम कहता हूं कि यह युद्ध तालिबान और अफगान सरकार के बीच नहीं है। यह पाकिस्तान का अफगान देश के खिलाफ जंग है।

## यूएई में रातोंरात करोड़पति बने भारत के सनूप सुनील

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अबू धाबी। संयुक्त अरब अमीरात में एक भारतीय नागरिक की किस्मत रातोंरात बदल गई। अबू धाबी में मंगलवार को बिग टिकट रैफल ड्रॉ सीरीज नंबर 230 का आयोजन किया गया था। इसमें भारत के रहने वाले सनूप सुनील ने वी15 मिलियन जीते और उनकी तकदीर रातोंरात चमक गई। भारतीय मुद्रा के अनुसार यह रकम 30 करोड़ से भी ज्यादा है। सुनील ने जीते हुए टिकट नंबर 183947 को 13 जुलाई को खरीदा था। बिग टिकट के रिचर्ड ने सुनील को कई बार फोन किया लेकिन सुनील का फोन नहीं लगा। कई प्रयासों के बाद उनका फोन लगा लेकिन सिर्फ कुछ सेंकड के लिए कनेक्ट होकर फिर कट गया। रिचर्ड ने फोन पर सुनील को बताया कि वो जैकपॉट जीत चुके हैं लेकिन दूसरी तरफ से कोई जवाब नहीं आया।

## होस्टेस के साथ की अश्लील हरकत तो मुंह पर टेप लगाकर सीट से बांधा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। फ्लोरिडा के लिए एक फ्रंटियर फ्लाइट में बवाल के बाद एक यात्री को उसकी सीट पर टेप से बांध दिया गया। कहा जा रहा है कि कई ड्रिंक्स पीने के बाद यात्री अपने होश खो बैठा और फ्लाइट क्रू मेंबर्स के साथ छेड़खानी और मारपीट करने लगा था। घटना के एक वीडियो फुटेज में यात्री को उसकी सीट पर टेप से बांधते हुए देखा जा सकता है। 22 साल के मैक्सवेल बैरी को घटना के बाद शनिवार को फिलाडेल्फिया से मियामी के लिए उड़ान के दौरान शारीरिक हिंसा के तीन मामलों के लिए गिरफ्तार किया गया। ओहियो निवासी मैक्सवेल, जो पहले ही काफी नशे में हो चुके थे, ने और ड्रिंक्स की मांग की। मियामी–डेड काउंटी पुलिस की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि उसने एक फ्लाइट अटेंडेंट की पीठ को छुआ, जिसका उसने विरोध किया।

## चीन ने पाकिस्तानी नौसेना के लिए बनाया घातक युद्धपोत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तानी नौसेना के साथ मिलकर हिंद महासागर पर राज करने का ख्वाब देख रहे चीनी ड्रैगन ने पाकिस्तान के लिए एक नया अत्याधुनिक युद्धपोत बनाया है। टाइप–054 फ्रिगेट शिप को मंगलवार को शंघाई के हुडोंग झोंगहुआ शिपयार्ड में लॉन्च किया गया। पाकिस्तानी मीडिया का दावा है कि यह नया युद्धपोत नौसेना में शामिल तकनीकी रूप से सबसे ज्यादा आधुनिक युद्धपोतों में से एक होगा। इस युद्धपोत में अत्याधुनिक सरफेस, सब सरफेस और एंटी एयर हथियार लगे हुए हैं। इस युद्धपोत में इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर, एयर और जमीनी निगरानी के लिए उपकरणों और सेंसर को लगाया जाएगा। युद्धपोत में अत्याधुनिक युद्ध प्रबंधन सिस्टम लगा है जिससे पाकिस्तानी नेवी की लड़ने की क्षमता कई गुना बढ़ जाएगी। यही नहीं इस युद्धपोत के आने के बाद पाकिस्तान की समुद्री सुरक्षा और प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ेगी।

## साइबेरिया में अगर पिघली बर्फ तो आ सकती है तबाही

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मॉस्को। पिछले साल 2020 की गर्मियों के दौरान साइबेरिया में चूना पत्थरों से निकलने वाली मीथेन गैस में बढ़ोत्तरी हुई। इस घटना से पृथ्वी के वायुमंडल में मीथेन बम फट सकता है। बॉन यूनिवर्सिटी के रिसर्चर्स के एक नए अध्ययन में पाया गया है कि साइबेरिया में भयंकर गर्मी के कारण 1979 से 2000 की अवधि के दौरान तापमान में 6 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी हुई है। जून 2020 से इस क्षेत्र के दो बड़े इलाकों में मीथेन सांद्रता बढ़ी है।

रिसर्च के प्रमुख लेखक, बॉन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ निकोलस फ्रोइट्जहाइम ने एक बयान में कहा कि मीथेन यहां बेहद खतरनाक है क्योंकि इसकी गर्म होने की क्षमता $CO_2$ की तुलना में कई गुना ज्यादा है। Environmental Defense Fund के अनुसार मीथेन में कार्बन डाइऑक्साइड की तुलना में 80 गुना ज्यादा वॉर्मिंग पावर होती है।

रिसर्चर्स ने भूवैज्ञानिक मानचित्रों के साथ उत्तरी साइबेरिया की हवा में मीथेन सांद्रता के स्थानिक और अस्थायी वितरण की तुलना की। अप्रैल 2021 के एक अध्ययन के अनुसार, उत्तरी गोलार्ध का लगभग 15 प्रतिशत या पूरे विश्व का 11 प्रतिशत हिस्सा Permafrost कवर करता है।



## ओमान की खाड़ी से हाईजैक ब्रिटेन का जहाज छोड़ा गया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** फुजैरा। ओमान की खाड़ी में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) तट के पास हाईजैक किए गए ब्रिटेन के जहाज को रहस्यमय परिस्थितियों में छोड़ दिया गया है। इससे पहले इस जहाज को हाईजैक करके अज्ञात स्थान पर ले जाने की जानकारी मिल रही थी। इसके जबरन ले जाने के मामले का पता चलने के बाद ब्रिटेन के साथ ही अन्य एजेंसियां भी सक्रिय हो गई थीं। ब्रिटेन की नौसेना ने कहा है कि उनके जहाज को ओमान की खाड़ी में छोड़ दिया गया है। अभी यह साफ नहीं हुआ है कि जहाज को हाईजैक करने की जिम्मेदारी किसने ली है। मेरीटाइम इंटेलीजेंस कंपनी ड्रायड ग्लोबल ने कहा है कि पनामा के फ्लैग वाला यह तेलवाहक जहाज एजफाल्ट प्रिंसेज है। यह ग्लोरी इंटरनेशनल का है।

## इमरान खान ने चीन को खुश करने के लिए बाजवा को किया कुर्बान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने चीन को खुश करने के लिए अपने चहेते लेफ्टिनेंट जनरल असीम सलीम बाजवा को सीपीईसी के चेयरमैन पद से हटा दिया था। बाजवा पर सीपीईसी के जरिए गंभीर भ्रष्टाचार करने और अपने परिवारीजनों को लाभ पहुंचाने के आरोप लगे हुए थे। इतना ही नहीं, बाजवा के भ्रष्टाचार के कारण ही शी जिनपिंग ने 2020 के आखिरी महीनों में प्रस्तावित अपनी पाकिस्तान यात्रा को रद्द कर दिया था।

सीपीईसी में काम कर रहे चीनी नागरिकों के ऊपर लगातार हो रहे हमलों को लेकर भी चीन इनसे चिढ़ा हुआ था।

**अब इनके हाथ CPEC की कमान**

**पाक पीएमओ ने जारी किया बयान:** पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, इमरान सरकार ने चीन–पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजनाओं को जल्द पूरा करने की कोशिश के तहत मंगलवार को लेफ्टिनेंट आसिम बाजवा को हटाकर उनकी जगह खालिद मंसूर को सीपीईसी का प्रमुख नियुक्त किया है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री कार्यालय ने बयान जारी कर कहा कि खालिद मंसूर तत्काल प्रभाव से सीपीईसी पर प्रधानमंत्री के विशेष सहायक नियुक्त किए गए हैं। मंसूर की यह नियुक्ति मानद होगी। **कौन हैं खालिद मंसूर?:** खालिद मंसूर के पास पाकिस्तानी कॉरपोरेट जगत खासकर ऊर्जा और पेट्रोकेमिकल क्षेत्र में काम करने का 40 साल का लंबा अनुभव है। केमिकल इंजीनियरिंग डिग्री धारक मंसूर ने विश्व बैंक, आईएमएफ और चीन की एक्जिम बैंक जैसे अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ भी काम किया है। वह हाल ही में सिंध एंग्रो कोल माइनिंग कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर में फिर से शामिल हुए हैं। मंसूर ने हब पावर कंपनी लिमिटेड (हबको) के मुख्य कार्यकारी के रूप में कार्य किया और हबको की सहायक कंपनी लाराइब एनर्जी लिमिटेड के चेयरमैन हैं।

## भारतीय डॉक्टरों और छात्रों को मिली यूएई जाने की अनुमति

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। भारत और नेपाल सहित छह देशों के उन नागरिकों को 5 अगस्त से संयुक्त अरब अमीरात में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी जिनके पास यूएई का रेजिडेंसी परमिट है और पूरी तरह से वैक्सीन लगवा चुके हैं। अधिकारियों ने घोषणा करते हुए कहा कि स्वास्थ्यकर्मियों को भी यूएई लौटने की इजाजत दी जाएगी। यूएई के राष्ट्रीय आपातकालीन संकट और एनसीईएमए और जनरल सिविल एविएशन अथॉरिटी के निर्देश पाकिस्तान, श्रीलंका, नाइजीरिया और युगांडा के नागरिकों पर भी लागू होंगे। इस फैसले के बाद छह देशों से यूएई निवासी अपने मुल्क लौट सकेंगे, बशर्ते उन्हें वैक्सीन की दूसरी डोज मिले 14 दिन बीत चुके हों। यात्रियों के पास उनके देशों में अधिकारियों की ओर से जारी किया हुआ वैक्सिनेशन सर्टिफिकेट होना चाहिए। हालिया निर्देशों के अनुसार, अन्य कैटेगरी के वैक्सीन लगवा चुके और बिना वैक्सीन वाले यात्रियों को भी 5 अगस्त से यूएई में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।